भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
03.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 484 का उत्तर

रामनाथपुरम जिले के लिए अतिरिक्त ट्रेनों का ठहराव

484. श्री नवसकनी के.:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का विचार यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने का है कि रामनाथपुरम जिले के मुख्यालय रामनाथपुरम रेलवे स्टेशन और जिले में सबसे अधिक उपयोग किए जाने वाले परमकुड़ी रेलवे स्टेशन से गुजरने वाली ट्रेनों का दोनों स्टेशनों पर ठहराव किया जाए और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) रामनाथपुरम, परमकुड़ी, नारिकुड़ी, मंडपम और थिरुचुझी सहित विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर अतिरिक्त रेलगाड़ियों के ठहराव की अनुमति देने के लिए जन-प्रतिनिधियों द्वारा किए गए निरंतर अनुरोध पर सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) क्या सरकार का ट्रेन संख्या 07355/07356 और 16621/16622 का परमकुड़ी रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने का विचार है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): वर्तमान में, रामनाथपुरम स्टेशन की आवश्यकताओं को 32 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा हैं, जबकि परमक्कुडी और मंडपम स्टेशनों की आवश्यकताओं को क्रमशः 27 और 18 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा है। इस प्रकार, नारिक्कुडी और तिरुच्चुलि स्टेशनों को भी 2-2 रेलगाड़ी सेवाओं द्वारा सेवित किया जा रहा।

07355/56 हुब्बली-रामनाथपुरम स्पेशल को मनामदुरई, परमक्कुडी के निकट निर्धारित ठहराव दिया गया है।

इसके अलावा, रेलगाड़ी सेवाओं के ठहराव का प्रावधान खंड पर अतिरिक्त समय की उपलब्धता और प्लेटफार्म की लंबाई आदि जैसी एक समान अवसंरचना की उपलब्धता सहित यातायात औचित्य, परिचालनिक व्यवहार्यता आदि पर निर्भर करता है।

इसके अलावा, रेलवे बोर्ड, क्षेत्रीय रेलों, मंडल कार्यालय आदि सहित विभिन्न स्तरों पर रेलवे को संसद सदस्यों, निर्वाचित प्रतिनिधियों, संगठनों/रेल उपयोगकर्त्ताओं आदि से औपचारिक और अनौपचारिक दोनों प्रकार के प्रस्ताव/अनुरोध/सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त होते हैं। चूंकि ऐसे प्रस्तावों/अनुरोधों/सुझावों का प्राप्त होना एक सतत् और गतिशील प्रक्रिया है, इसलिए इनका केंद्रीकृत संग्रह नहीं रखा जाता है। बहरहाल, इनकी जांच की जाती है और समय-समय पर व्यवहार्य एवं उचित पाएं जाने पर कार्रवाई की जाती है, जो एक सतत् प्रक्रिया है।

******